हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13 . 0 डिग्री

अनसुलझे लंबित प्रकरणों का एसपी ने जल्द से जल्द निराकरण करने दी हिदायत

4



## खबर संक्षेप

### पेंशन भुगतान के लिए 7 दिनों के भीतर उपस्थित होने के निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय पुलिस अधीक्षक से जारी पत्र अनुसार इस इकाई के स्वर्गीय कर्मचारियों के निम्नांकित उत्तराधिकारियों द्वारा आरक्षक स्व.दिलीप वारेन उत्तराधिकारी पत्नी श्रीमती मंजू वारेन निवासी राजीव गांधी नगर भजन डीपा रायगढ़ जिला रायगढ, आरक्षक (अ) स्व. विजय टण्डन पत्नी श्रीमती एल्सा टण्डन निवासी शंकर नगर, लिंक रोड जांजगीर, आरक्षक 564 स्व. हर प्रसाद सिदार पत्नी श्रीमती रोशनी सिदार निवासी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पीछे जांजगीर, आर. स्व. शसुशर्मा शास्त्री पिता दिनेश चंद शास्त्री निवासी बैगा स्कूल पो. बैमानगोई स्कूल मोहल्ला थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर, आरक्षक सौरभ सिंह पिता सुखपाल सिंह निवासी जगमहंत द्वारा पुरानी पेंशन योजना का चयन करने के पश्चात उन्हें नियमानुसार पेंशन भुगतान करने संबंधी कार्यवाही के लिये पत्रों द्वारा सूचित करने के पश्चात भी इस कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे है। जिससे उनकी पेंशन संबंधी कार्यवाही अनावश्यक रूप से इस कार्यालय में लंबित है।

### संविधान वाचन समारोह का तीन दिवसीय आयोजन आज से

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत मुड़पार के गुरुघासीदास चौक में 14 से 16 नवंबर तक सुबह 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक संविधान दिवस के अवसर पर जय भीम सेना एवं सर्व समाज उत्कृष्ट ग्राम पंचायत मुड़पार के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय संविधान वाचन समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। 14 नवंबर को मुख्य अतिथि के रूप में दूजराम बौद्ध पूर्व विधायक पामगढ़, प्रदेश प्रभारी बसपा, श्रीमती इंदु बंजारे पूर्व विधायक पामगढ़, प्रदेश महासचिव, प्रो. अंतराम बंजारे सेवानिवृत्त प्राध्यापक लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय, संजीत बर्मन सामाजिक कार्यकर्ता, रामस्वरूप आजाद पूर्व सहसचिव एवं मंगलू खाण्डेकर जिला उपाध्यक्ष भीम आर्मी शामिल होंगे।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल आज से क्षेत्र के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल शुक्रवार 14 नवम्बर से जिले व क्षेत्र के अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री चंदेल प्रातः 9:30 बजे शिवरीनारायण में तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजित श्रीमद् भागवत कथा व गांव-गांव में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण के कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री चंदेल शनिवार 15 नवम्बर को दोपहर 2 बजे ग्राम खोखरा में आयोजित भाजपा जांजगीर-ग्रामीण मंडल के मंडल स्तरीय बैठक में शामिल होंगे एवं इस कार्यक्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे। तद्उपरांत वे कोरबा जाएंगे।

# 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर प्राचार्य ने की थी हवाई यात्रा कराने की घोषणा, छात्रा ने भरी उड़ान

## मड़वा हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रिंसीपल ने की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने वैसे तो शासन द्वारा दुनिया भर की योजनाएं चलाई जा रही है। उस पर भी शिक्षकों के रूचि नहीं लेने अथवा समय पर नहीं पहुंचने जैसी शिकवा शिकायतें तो आए दिन मिलती रहती है, लेकिन इन सबसे इतर शासकीय हाईस्कूल मड़वा में प्रभारी प्राचार्य ने बोर्ड के टॉपर बच्चों को स्वयं के व्यय पर हवाई यात्रा कराने की अभिनव पहल की है। उन्होंने 10वीं-12वीं के बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर प्लेन से शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने कहा था। इस दौरान दसवीं की छात्रा ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित किया और उसने अपने एक अभिभावक के साथ शैक्षणिक भ्रमण करने साइंस सिटी कोलकाता के लिए उड़ान भरी ।

जिले के बलौदा विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा में पदस्थ अंग्रेजी के व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य योगेन्द्र शुक्ला वैसे तो बच्चों के उत्कृष्ट शिक्षा के साथ उनके बौद्धिक विकास के लिए अभिनव पहल करते रहते है। इसी कड़ी में शिक्षा सत्र 2024-2025 में उन्होंने दसवीं और बारहवीं बोर्ड के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर स्वयं के व्यय से हवाई यात्रा कराने की घोषणा की थी। उन्होंने 15 अगस्त 2024 को कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा की थी। इसके साथ ही बच्चों को उत्कृष्ट अंक लाने के लिए प्रेरित भी किया था। इसका सुखद प्रतिफल यह रहा कि विद्यालय में कक्षा 10वीं की छात्रा उर्वशी साहू ने सर्वाधिक 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर प्लेन से शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने कहा था। इस दौरान दसवीं की छात्रा ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित किया और उसने अपने एक अभिभावक के साथ शैक्षणिक भ्रमण करने साइंस सिटी कोलकाता के लिए उड़ान भरी। तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य द्वारा की गई घोषणा के परिपालन में 14 नवंबर बाल दिवस के समय शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम तय हुआ। प्रभारी प्राचार्य योगेन्द्र शुक्ला ने बताया कि उक्त छात्रा के अभिभावकों की सहमति के अनुसार छात्रा और एक अभिभावक के शैक्षणिक भ्रमण पर जाने का कार्यक्रम तय हुआ। प्रभारी प्राचार्य के साथ वे 10 नवंबर को शैक्षणिक भ्रमण पर इंडिगो की फ्लाइट से रवाना हुए। कोलकाता पहुंचने के बाद उन्होंने दो दिनों में वहां का भ्रमण किया। इस दौरान साइंस सिटी संग्रहालय तारामंडल और विक्टोरिया मेमोरियल जैसे प्रमुख स्थानों का भ्रमण करने के पश्चात उनकी वापसी हुई।

## शिकायत पर जैजपुर में विद्युत मंडल की टीम ने की कार्रवाई

# अवैध बिजली से रोशन हो रहा था 18 अधिकारी- कर्मियों का घर, काटे कनेक्शन





कनेक्शन काटने पहुंचा विद्युत विभाग का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

नगर पंचायत जैजैपुर में अवैध तरीके से बिजली कनेक्शन लेकर सरकारी आवास को रोशन किया जा रहा था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग की टीम ने डेढ़ दर्जन से अधिक अधिकारी कर्मचारियों के विद्युत कनेक्शन काटे है। इस कार्रवाई से अवेध कनेक्शनधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत जैजैपुर के सरकारी आवास में लंबे समय से अवैध कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। वहीं अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा अवेध कनेक्शन लेकर अपने आवासों में बिजली लेने की जानकारी मिलने पर विद्युत विभाग के अमला द्वारा गुरूवार 13 नवंबर को सरकारी आवास में दबिश दी। इस दौरान सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों को मिलाकर करीब 18 लोगों के कनेक्शन काटे गए है। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली का उपयोग करने के बाद उन्हें हर महीने नियमों के तहत बिजली बिल जमा करने की हिदायत दी जाती है, लेकिन नगर पंचायत में विभाग से अनुमति लेकर अपने आवासों में कनेक्शन लेना तो दूर की बात यहां तो बिना अनुमति लिए ही अवैध तरीके से बिजली चोरी की जा रही थी। इस पर कार्रवाई होने के बाद अवैध कनेक्शनधारियों में हड़कंप मच गया है।

देखा जाए तो विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा अवैध विद्युत कनेक्शन को लेकर अभियान चलाया जाता है। इसी के तहत जैजेपुर में कार्रवाई की गई है। जैजैपुर क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा आने वाले समय में सरकारी आवासों के साथ साथ सरकारी विभाग एवं लोगों के घरों तक पहुंचकर अवैध विद्युत कनेक्शन को लेकर पहले जानकारी ली जाएगी। इसके बाद अवैध कनेक्शन के मामले सामने आने पर नियमों के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। बिजली की चोरी करने के मामले सामने आने पर सजा एवं जुर्माने का भी प्रावधान है।

### की गई है कार्रवाई

जैजैपुर के सरकारी आवास में अवैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से बिजली चोरी का मामला सामने आया है। इस पर कार्रवाई करते हुए डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के विद्युत कनेक्शन काटे गए है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

-योगेश श्रीवास ,
जेई, विद्युत मंडल जैजैपुर

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा ट्राली के नीचे दबने से मजदूर की मौत

## मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सड़क पर पलटा ट्रैक्टर।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर में सवार एक मजदूर नीचे गिरकर ट्राली में दब गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 13 नवंबर को ट्रैक्टर में ईंट लोडकर मजदूर चोरभट्ठी की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर की रफ्तार तेज थी। चोरभट्ठी में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान ट्रैक्टर में बैठा तिलई निवासी सुमित बरेठ नीचे गिर गया। वह ट्रैक्टर ट्राली में दब गया। हादसे में घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर में लोड ईंट सड़क पर बिखर गया। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मुलमुला पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस की टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उल्लेखनीय है कि सड़क पर तेजी से दौड़ रहे ट्रैक्टर लगातार हादसों का कारण बन रहे है। ट्रैक्टर कृषि प्रायोजन के लिए जाते है, लेकिन कमाई के फेर में इनका व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। सड़क पर फर्राटे से दौड़ते ट्रैक्टर के कारण हादसे आम हो गए है।

# नदी किनारे जुआ, 8 पकड़े गए

**जांजगीर-चांपा।** नदी किनारे चल रहे जुए के अड्डे पर दबिश देकर मुलमुला पुलिस ने 8 जुआरियों को पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 31 हजार रुपए नगद बरामद किया गया है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि बुटराभंवर क्षेत्र में नदी किनारे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल रेड कार्रवाई करते हुए मौके से 8 जुआरियों को धर दबोचा। पुलिस ने बिलापुर निवासी सौरभ लाल, शिव पटेल, सूरज यादव, अंकित कुमार टंडन, करण सिंह लहरी, प्रमोद साहू, दिव्य कांत साहव ग्राम अर्जुनी निवासी रमेश आजाद को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों के कब्जे से 31 हजार 170 रुपए और ताश पत्ती जब्त की गई। साथ ही मौके से 4 मोटरसायकल भी बरामद किया गया है।

# मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी ने की सीईओ, तकनीकी सहायक व प्रोग्रामर पर प्रकरण दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

जनपद पंचायत जैजैपुर में पदस्थ मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपते हुए तत्कालीन सीइओ एवं तकनीकी सहायक व प्रोग्रामर के खिलाफ नामजद मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए अपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

कार्यक्रम अधिकारी चंद्रशेखर सूर्यवंशी ने बताया विगत 3 साल से उन्हें संयुक्त रूप से तीनों अधिकारी कर्मचारी के द्वारा षड्यंत्र के तहत प्रशासनिक अधिकार से वंचित करते हुए एक कमरे में बैठकर प्रताडित किया गया। उन्होंने तत्कालीन सीईओ ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बिना कारण प्रशासनिक अधिकार से वंचित करते हुए एक कमरे में 3 साल तक बैठ कर मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता ने एएसपी के सामने शिकायत कर जांच की मांग की है। उनके द्वारा विभागीय अधिकारियों को भी 11 बार आवेदन पत्र देकर स्थिति से अवगत कराते हुए सकारात्मक रुख अपनाते हुए प्रशासनिक अधिकार दिलाए जाने की मांग की थी।

जिला सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा विजेंद्र सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर सूर्यवंशी को प्रभार मिलना चाहिए। इसके लिए पहल किया जा रहा है।

# रोड नहीं बनने पर चक्काजाम करेंगे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



सीएमओ को ज्ञापन सौंपने पहुंचे नगरवासी।

नगर की मस्जिद रोड नहीं बनने को लेकर लोगों में रोष गहराता जा रहा है। रोड के नहीं बनने से नगर वासी परेशान हैं। इन्हीं सब बातों को लेकर विगत दिनों नगर विकास समिति के प्रति निधि मंडल ने सी एम ओ से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा।

प्रति निधि मंडल ने उनसे जानना चाहा कि आखिर इतने दिनों बाद भी रोड क्यों नहीं बनने पा रही है। इस पर वे स्पष्ट रूप से कुछ बताने की बजाए दूसरी बातें कहते रहे। बरसात से पहले ठेकेदार द्वारा रोड की सफाई व समतली करण करवाने के बावजूद रोड का निर्माण नहीं हो सका। समिति के लोगों ने इस हेतु सी एम ओ तथा अध्यक्ष को लिखित में कई शिकायत पत्र सौंपे लेकिन सिवाय आश्वासन के कुछ हासिल नहीं हुआ। रोड निर्माण को लेकर कुछ भी होता नहीं देख समिति के सदस्यों ने उनसे साफ साफ कहा कि शीघ्र रोड निर्माण नहीं होने पर चक्का जाम के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचेगा। समिति के काफी प्रयासों एवं आंदोलन करने के बाद थाना रोड एवं मस्जिद रोड के निर्माण करवाने का नगर पालिका द्वारा निर्णय लिया गया था। समिति ने चक्का जाम से संबंधित तथा अन्य सभी पहलुओं पर विचार विमर्श हेतु दिनांक 16 नवंबर सायं 07 बजे नगर वासियों की मीटिंग बुलाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सतीश दीवान, संतोष अग्रवाल, सुशील जैन एवं अनिकेत जैन शामिल थे।

## प्रदेश मंत्री ने बीजेपी कार्यालय में पत्रकारो से की चर्चा

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी बिरसा मुंडा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पत्रकारों से चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी।

बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस बीच देश एवं समाज में उनके द्वारा किए योगदान को जन जन तक पहुंचाने पर काम किया जाएगा। उक्त बाते भाजपा प्रदेश मंत्री ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारो से चर्चा के दौरान कही।

ज्ञात हो कि शनिवार 15 नवम्बर से मंगलवार 18 नवम्बर के बीच आदिवासी समाज के गौरव बिरसा मुंडा की 150वी जयंती मनाई जाएगी। इसे लेकर गुरूवार 13 नवम्बर को भाजपा जिला कार्यालय जांजगीर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री एवं आदिवासी नेत्री विघा सिदार ने पत्रकारो से चर्चा के दौरान बताया कि आदिवासी गौरव के प्रतिक बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। साथ ही साथ उनके द्वारा देश एवं समाज हित से जुडे बातो को लेकर लोगो से चर्चा की जाएगी। इसे लेकर पार्टी स्तर पर अभियान भी चलाया जाएगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जनजातिय समाज के गौरव के बारे में समुचित जानकारी प्राप्त कर सके। इसे लेकर जिला एवं बूथ स्तर पर भी कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा शासन स्तर पर भी बिरसा मुंडा के द्वारा किए गए देश एवं सामाजिक हितो से जुडे कार्यो के बारे मे जानकारी प्रदान की जाएगी। बताया जाएगा कि देश को आगे बढाने एवं राष्ट्रहित से जुडे बातो को लेकर समाज के द्वारा कई तरह के योगदान दिया गया है। इसे लेकर पार्टी स्तर पर अभियान भी चलाया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगडे, उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, पंकज अग्रवाल, प्रशांत सिंह, विकास शर्मा, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, रजनी राजवाडे सहित भाजपा कार्यकर्ता इस दौरान उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा के प्राचार्य जीपी लहरे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी उत्तम सिंह मरावी द्वारा छात्र-छात्राओं को जनजाति संस्कृति एवं इतिहास से संबंधित चलचित्र दिखाया गया, जनजातीय संस्कृति पर आधारित चित्रकला का आयोजन किया गया, जनजाति कला एवं संस्कृति में प्रचलित कहानी का वाचन किया गया, जनजाति संस्कृति पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया, जनजाति संस्कृति पर क्विज कंपटीशन आयोजित की गई तथा जनजाति संस्कृति से संबंधित बड़ा देव के देव स्थल का विद्यार्थियों को भ्रमण कर उसकी महत्ता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जनजाति पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के व्याख्याता पीपी अंचल, पी खांडे, नारेंद्र कुमार पाटले, अनुज कुमार जांगड़े, नीलिमा सोनी, ममता माण्डले, राकेश टंडन, सुधीर कुमार चंद्रा, निर्मला शर्मा, अनीता मानिकपुरी, राजेंद्र कैवर्त्य,वंदना लहरे एवं शीलू ध्रुव का योगदान रहा।

### डॉ.राजेश को फिजियो आइकन प्रशंसा पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**कोरबा।** प्रदेश के फिजियोथेरेपी जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में डॉ.राजेश कुमार साहू को रायपुर के शहीद स्मारक सभागार में आयोजित द्वितीय सीजी फिजियोकॉन 2025 में प्रतिष्ठित फिजियो आइकन प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। देश को सशक्त बनाने के लिए फिजियो का सशक्तीकरण विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स (आईएपी), राज्य शाखा द्वारा किया गया था, जिसमें फिजियोथेरेपी में उत्कृष्टता, नवाचार और नेतृत्व का जश्न मनाया गया। पुरस्कार समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे। डॉ.संजीव के झा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियो थेरेपिस्ट्स और निदेशक, आईटीएसए हॉस्पिटल ने सामूहिक रूप से डॉ.साहू को फिजियोथेरेपी शिक्षा, नैदानिक उत्कृष्टता और अनुसंधान में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मेलन की वैज्ञानिक समिति के सदस्य, डॉ.राजेश कुमार साहू को फिजियोथेरेपी शिक्षा और नैदानिक अभ्यास को आगे बढ़ाने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ.राजेश कुमार साहू एक उच्च योग्य और निपुण फिजियोथेरेपिस्ट हैं, जिन्होंने फिजियोथेरेपी में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है।

### महाप्रबंधक के गेट में ताला लगाने वालों पर जुर्म दर्ज

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा के सुरक्षा प्रभारी संजय कुमार दुबे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 7 नवंबर को महाप्रबंधक कुसमुण्डा क्षेत्र के मुख्य गेट को सुबह 7 बजे से बाता गांव के ग्रामीणों द्वारा मुख्य द्वार के गेट पर ताला बंद कर दिया गया था। जिससे कार्यालय के भीतर आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आदर्श बघेल, शुभम कुमार, विनय कुमार, कृष्ण कुमार गांधी सहित अन्य लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल कॉलोनी प्रगतिनगर के मकान नंबर एमक्यू 834 में निवासरत सेवानिवृत्त कमल सिंह ध्रुव के 32 वर्षीय फणीभूषण ध्रुव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। युवक ने किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुर कर दी है।

## शुरु होगी सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी

# सहकारिता निरीक्षक, कृषि अधिकारी संभालेंगे धान खरीदी का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

15 तारीख से शुरु होने वाली धान खरीदी के लिए राज्य शासन ने समिति कर्मचारियों के हड़ताल से नहीं लौटने की स्थिति में नई व्यवस्था बनाई है। इसके तहत सहकारिता निरीक्षक और सहायक कृषि विस्तार अधिकारियों को धान खरीदी का जिम्मा सौंपा गया है जो समिति प्रबंधक और फड़ प्रभारी का काम देखेंगे। साथ ही राजस्व अधिकारियों को भी इस कार्य में लगा दिया गया है।

राज्य शासन द्वारा बनाई गई इस नई व्यवस्था के तहत सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर धान खरीदी के लिए सहकारिता निरीक्षक कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व अधिकारी तथा खाद निरीक्षकों को सभी खरीदी केंद्रों में पहुंचकर 15 नवंबर से खरीदी का काम संभालने का निर्देश दिया गया है। ये अधिकारी समितियों के प्रबंधक के साथ फड़ प्रभारी का काम संभालेंगे। कुछ समितियों में बुधवार को ही विभागीय अधिकारियों के दल ने समितियों में पहुंचकर खरीदी को लेकर पूर्व में की गई व्यवस्था का अवलोकन किया और उपलब्ध संसाधनों के विषय की जानकारी लेते हुए रिपोर्ट तैयार की है। कई समितियां ऐसी है जहां कार्यालयों के नाम पर केवल प्लास्टिक तिरपाल और सुतली की खरीदी हुई है। अन्य आवश्यक सामग्रियों का अभी भी अभाव नजर आ रहा है। स्थिति अभी तक गंभीर है।

**खास बात**

- समिति कर्मचारियों के हड़ताल से नहीं लौटने पर लागू की गई नई व्यवस्था



फाइल फोटो

### कर्मचारी की व्यवस्था करना मुश्किल

धान खरीदी के लिए समिति में पहुंचने वाले अधिकारियों के सामने हमाल और चौकीदार जैसे छोटे कर्मचारियों की व्यवस्था करना चुनौती बनी हुई है। बुधवार को समितियों में पहुंचे विभागीय अधिकारियों के द्वारा हमाल और चौकीदार स्तर के कर्मचारियों के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की तो अभी तक कोई काम करने को तैयार नहीं हुआ है।

### कुदमुरा समिति में बनेगा गोदाम



जिले की सबसे पुरानी समितियों में शामिल कुदमुरा सहकारी समिति में गोदाम निर्माण की प्रक्रिया शुरु हो गई है। जिला प्रशासन ने 15 सहकारी समितियों में नए गोदाम निर्माण के लिए खनिज न्यास मद से बड़ी राशि जारी की है उसके तहत कुदमुरा समिति में गोदाम निर्माण के लिए 19 लाख 57 हजार रुपए की राशि जारी की गई है। उक्त राशि से गोदाम का निर्माण कार्य शुरु करने के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच रचना महेश राठिया, उप सरपंच मोंगरा यादव, राम पटेल, दुर्गा राठिया, पंच चूड़ामणी श्रीवास व फड़ प्रभारी माखन राठिया उपस्थित थे। गोदाम निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को ही निर्माण एजेंसी बनाया गया है।

## एचटीपीएस ने युवाओं को दिलाया पांच दिवसीय कौशल विकास का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2 गुणा 660 मेगावाट विद्युत संयंत्र से प्रभावित 11 गांवों के युवाओं के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से पांच दिवसीय रोजगारमूलक कार्यों का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी औद्योगिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में प्रभावित ग्राम लोतलोता, स्याहीमुड़ी, चुईया, जमनीपाली, झाबू, पंडरीपानी, नवागांव-कला, डिंडोलभाठा, बिरवट, डोडकधरी और चिरहुट में छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी सीईआर के कार्यों को विस्तारित करेगी।

कौशल विकास के प्रशिक्षण का समापन समारोह में मुख्य अतिथि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके गुप्ता व विशिष्ट अतिथि परियोजना प्रबंधक सुधीर पंड्या शामिल हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष सिपेट कोरबा के प्रबंधक (तकनीकी) राजीव कुमार लिल्हारे ने अतिथियों का परिचय देते हुए सिपेट द्वारा प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। समारोह में प्रशिक्षणार्थी 20-20 युवाओं को मुख्य अतिथि श्री एमके गुप्ता के हाथों प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले तीन दिन 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रोजगार मूलक कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे चरण में 3 से 4 नवंबर तक आईटीआई के सभी ट्रेड के बारे में जानकारियां दी गईं एवं उनकी करियर काउंसिलिंग की गई।

# सम्पत्तिकरदाताओं को 200 तो गैर सम्पत्तिकर दाताओं को 60 रूपये देना होगा जल कर





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र के आमनागरिकों को जल कर में बड़ी राहत मिलने जा रही है, निगम अब सम्पत्ति करदाता घरेलू नल कनेक्शनधारियों से प्रतिमाह 200 रूपये एवं गैर सम्पत्तिकरदाताओं से प्रतिमाह 60 रूपये की राशि जलकर के रूप में लेगी। महापौर एवं निगम आयुक्त की पहल पर निगम की मेयर इन काउंसिल ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर उक्ताशय का निर्णय लिया है। निगम के इस कदम से एक ओर जहां आमनागरिकों को जलकर से राहत मिलेगी, तो वहीं दूसरी ओर निगम की जलकर की वसूली पटरी पर आ सकेगी, समय पर वसूली होगी एवं निगम के राजस्व में वृद्धि होगी। नगर निगम द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत सभी 7 जोन में स्थित वार्ड, बस्तियों, मोहल्लों, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों में नल कनेक्शन प्रदान कर पाईप लाईन के माध्यम से प्रतिदिन दो बार शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए निगम द्वारा पानी का उपचारित करने के लिए कोहड़िया में 79.81 एमएलडी क्षमता के 4 जल उपचार संयंत्र संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में 2 नग एमबीआर व 27 नग उच्च जलागार सहित कुल 29 ओव्हरहैड टैंक स्थापित कर एवं विभिन्न ब्यास के 792 किलोमीटर पाईप लाईन बिछाकर जल आपूर्ति का सिस्टम संचालित किया जा रहा है।

**खास बात**

- आमजनता की सुविधा के लिए मेयर इन काउंसिल ने लिया निर्णय

### व्यवसायिक नल कनेक्शन के लिए 800 रूपये जल कर

नगर निगम द्वारा व्यवसायिक कार्यों के लिए लगभग 95 नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, इन नल कनेक्शनों से नियमानुसार 800 रूपये प्रतिमाह जलकर की वसूली होगी। वहीं आवासीय सह व्यवसायिक नल कनेक्शनों से 350 रूपये प्रतिमाह जलकर की वसूली की जाएगी। इसी प्रकार जिन स्थानों में पानी की वल्क सप्लाई के लिए नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। उन स्थानों में मीटर की रीडिंग के आधार पर बिल जनरेट होगा तथा तद्दानुसार बिल की राशि वसूल की जाएगी।

### निगम क्षेत्र में हैं 53021 नल कनेक्शन

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत समस्त वार्डों में कुल 53 हजार 21 घरेलू नल कनेक्शन लगाए गए हैं, जिनमें से सम्पत्तिकर दाता नल कनेक्शनधारियों की संख्या 47 हजार 832 एवं गैर सम्पत्तिकर दाता कनेक्शनधारियों की संख्या 5 हजार 189 है। इस प्रकार 47 हजार 832 घरेलू नल कनेक्शनों से प्रतिमाह 200 रूपये एवं 5 हजार 189 घरेलू नल कनेक्शनों से प्रतिमाह केवल 60 रूपये का जलकर निगम प्राप्त करेगा।

## प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने की थी आत्महत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पति की प्रताड़ना से परेशान होकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामला थाना घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम कोटरीमाल का है, जहां बसंतपुर धरमजयगढ़ निवासी 28 वर्षीय श्रीमती आसंमोती उर्फ दिला बिरहोर ने 9 नवंबर की दोपहर आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच में पाया कि मृतिका को उसका पति सुंता बिरहोर आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। साक्ष्य मिलने पर घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। वर्ष 2019 में सुंता बिरहोर और मृतिका दिला बिरहोर के बीच प्रेम संबंध के बाद विवाह हुआ था। विवाह के बाद दोनों कुछ वर्ष तक बसंतपुर में साथ रहेए इस दौरान उनके एक पुत्र का जन्म हुआ। पुत्र के जन्म के बाद पति.पत्नी के बीच विवाद बढ़ा और सुंता बिरहोर अपनी पत्नी और बच्चे को छोड़कर अपने गांव कोटरीमाल लौट गया तथा लगभग चार वर्षों तक पत्नी से अलग रहा है।

## निगम जल अपव्यय को रोकने करेगा मिशन वरूण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम द्वारा जल कर की वसूली करने के साथ-साथ जल की बचत व उसकी उपयोगिता के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं जल का अपव्यय रोकने के लिए मिशन वरूण का संचालन किया जाएगा।

महापौर 14 नवम्बर को मिशन वरूण का शुभारंभ करेंगी। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मिशन वरूण के सफल संचालन के लिए निगम के सभी 67 वार्डों के लिए 67 टीमें गठित कर मिशन की मंशा के अनुरूप पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन के निर्देश टीमों को दिए हैं।

जल ही जीवन है तथा जल की एक-एक बूंद कीमती है कहते हैं कि अगला विश्वयुद्ध कहीं जल को लेकर ही न हो, बस इसी अवधारणा से जल की महत्ता व उसकी कीमत का अनुमान लगाया जा सकता है। फिलहाल शहर में जल की उपलब्धता बनी हुई है, इसलिए हम जल की कीमत को कमतर आँक रहे है, किन्तु जल की कीमत क्या है, यह उनसे पूछा जाए जो पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं, एक-एक घडे. पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। तब हमें सही अर्थो में ज्ञात होगा कि जल कितना कीमती है। यदि हम आज नहीं चेते और पानी की बर्बादी को नहीं रोका तो वह दिन भी दूर नहीं जब हमें भी पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ेगा।

### आंगनबाड़ी केंद्रों तक नहीं पहुंचा पौष्टिक आहार दलिया

**कोरबा।** आंगनबाड़ी केंद्र के नौनिहालों को मिलने वाला पौष्टिक आहार दलिया ग्रामीण अंचल के केंद्रों में एक माह से नहीं पहुंच रहा है। शहरी क्षेत्रों में भी एक माह तक इसकी सप्लाई बंद रहने के बाद नवंबर महीने से इसकी सप्लाई शुरु हुई वहीं दूसरी ओर समूह से अनुबंध के बाद भी रेडी टू इट का कार्य किसी भी परियोजना से शुरु नहीं हो सका है।

## शहर के रेलवे स्टेशन मॉल में बीडीएस की टीम ने की पड़ताल

**कोरबा।** देश की राजधानी दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट के बाद देशभर में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसी कड़ी में जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है, पुलिस की अलग-अलग टीम शहर और आउटर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल, होटल में बीडीएस की टीम के साथ जांच अभियान शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय की तीन दिनों पूर्व देश की राजधानी दिल्ली में कार में बम धमाका हुआ था जिससे कई लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सभी सुरक्षा एजेंसी अलर्ट मोड में आ गई है। इसी कड़ी में जिला पुलिस भी हाई अलर्ट मोड में है बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर मंगलवार की रात पुलिस की अलग-अलग टीम शहर के कोरबा रेलवे स्टेशन पहुंची जहां डॉग एस्कॉर्ट, बीडीएस टीम के साथ ट्रेन व आने जाने वाले यात्रियों के सामानों की भी चेकिंग की गई। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड में आने जाने वाले दीगर राज्यों के बसों की जांच पड़ताल की गई। इसके अलावा शहर के टीपी नगर क्षेत्र स्थित शहर के पाम मॉल में भी टीम पहुंची थी। डॉग स्क्वायड और बीडीएस की टीम के साथ पूरे मॉल की जांच पड़ताल की। इसके अलावा शहर के अलग-अलग होटल में टीम पहुंची थी। बाहर राज्यों से आने वाले लोगों के सारे दस्तावेजों को भी खंगाला गया।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
ग्राम भनेतरा प.ह.न. 04
दिनांक..................
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्यामलाल पिता स्व.मानसाय जाति सतनामी निवासी- भनेतरा तहसील हसौद जिला, सक्ती (छ.ग.) में इस न्यायालय में अपने माता दूजबाई के मृत्यु दिनांक 13/01/2021 स्थान भनेतरा पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/11/2025 समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/25 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
ग्राम चिस्दा प.ह.नं.
दिनांक................
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरित राम पिता/पति श्री अवध राम जाति रावत निवासी चिस्दा तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिता अवध राम के मृत्यु दिनांक 08/08/2020 स्थान चिस्दा पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/11/2025 समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/11/22 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद**

**न्यायालयः चतुर्थ जिला न्यायाधीश, जांजगीर, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) (पीठासीन अधिकारीः सर्व विजय अग्रवाल)**
प्रोसेस क्रमांक- 753/25
सि.अ.क्र.-70/2024
पेशी तिथि- 04/12/2025
**ईश्तहार**
देवमती वगैरह........अपीलार्थीगण
विरूद्ध
बालाराम वगैरह....उत्तरवादीगण

अपीलार्थीगण देवमती वगैरह के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष सि.अ.क्र.-70 अ/2024 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें मृत उत्तरवादी क्रमांक-16 के विधिक वारिसान (अ)- रेवती, उम्र-67 वर्ष, पति स्व. भूसूर राम, (ब)-शत्रुहन, उम्र-40 वर्ष, पिता स्व. भूसूर राम, (स)-तुसेन्द्र कुमार, उम्र-38 वर्ष पिता-स्व.भूसूर राम (द)-विजय उम्र-35 वर्ष, पिता-स्व.भूसूर राम, सभी निवासी-कूरियारी तह. शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.), को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में दिनांक-04/12/2025 को दिन के 10.30 बजे उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने हेतु स्वयं उपस्थित रहें या ऐसे अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिया गया हों और जो इस प्रकरण में आपका पक्ष सम्यक रूप से रख सके जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि को उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो उक्त प्रकरण में आपके गैर हाजिरी में सुनवाई किया जावेगा।

यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता तो आगामी कार्य पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश दिनांक 04/12/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक-13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया। स्थान- जांजगीर, दिनांक- 13/11/2025

**(सर्व विजय अग्रवाल)**
**चतुर्थ जिला न्यायाधीश, जांजगीर जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वेरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# कांतारा चैप्टर 1 अब ओटीटी पर हिंदी में हो रही रिलीज

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी के डायरेक्शन में बनी 'कांतारा चैप्टर 1' का इंतजार कर रहे हिंदी के दर्शकों के लिए खुशखबरी है। साल 2025 की सबसे अधिक कमाई करने वाली यह फिल्म अब हिंदी में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। मूल रूप से कन्नड़ में बनी यह फिल्म दो हफ्ते पहले ही ओटीटी पर तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में स्ट्रीम होने लगी थी। ऐसे में हिंदी के दर्शकों की बेताबी बढ़ गई थी। अब हिंदी ओटीटी की रिलीज डेट आ गई है। साल 2022 में आई 'कांतारा' की प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' बीते महीने 2 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। 'कांतारा चैप्टर 1' का हिंदी डब वर्जन भी प्राइम वीडियो पर 27 नवंबर को रिलीज किया जाएगा।

लाइफ Style



# गिरिजा

## सिडनी-मोनिका से हो रहीं कंपेयर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोशल मीडिया की दुनिया में कब क्या हो जाए, कुछ पता नहीं। अगर आपने पिछले कुछ दिनों में एक्स, फेसबुक या इंस्टाग्राम को स्क्रॉल किया है, तो आपको सोशल मीडिया पर छाई 'नीली साड़ी वाली' महिला जरूर दिखी होगी।

ये महिला हैं, अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले, जिन्हें सोशल मीडिया पर कुछ फैंस अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी और इतालवी मॉडल मोनिका बेलुची से तुलना कर रहे हैं और उन्हें 'भारत का जवाब' बता रहे हैं। गिरिजा दो दशकों से मराठी और हिंदी सिनेमा में काम कर रही हैं। पहली बार वायरल होने के बारे में बात करते हुए, गिरिजा ने कहा, 'मैं हैरान हूं! रविवार शाम को मेरा फोन जोर-जोर से बजने लगा। मैं अपने प्ले की रिहर्सल कर रही थी और कॉल रिसीव नहीं कर पा रही थी। अचानक, मेरे सभी दोस्त मुझे मैसेज करने लगे, 'क्या तुम्हें पता है कि एक्स पर क्या हो रहा है?' गिरिजा आगे कहती हैं, 'एक ने मुझे एक पोस्ट भेजा जिसमें इस बात पर बहस हो रही थी कि यह (अभिनेत्री) प्रिया बापट हैं या मैं! फिर मेरे देवर ने मुझे बताया कि कुछ घटिया हैंडल्स ने मेरी तस्वीरें उठा ली हैं और 'भाभी प्रेमी' वाला पूरा सीन चल रहा है। कुछ पेजों ने मुझे कामुक बना दिया। लेकिन, मराठी फैंस ने कहा, 'तुमने अभी-अभी उसे खोजा है!' हम उसे सालों से जानते हैं।' जब एक्स पर मीम्स की बाढ़ आ गई, तो गिरिजा ने इसे सहजता से लिया। उन्होंने कहा, 'मैं जो काम करती हूं, वह यहीं रहेगा।

हॉलीवुड मसाला




# फिर दिखेगी जुमांजी की दुनिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन की सुपरहिट फिल्म 'जुमांजी' का अब चौथा पार्ट आने वाला है। अभिनेता ने खुद इस फिल्म के फाइनल पार्ट की शुरुआत की घोषणा की है। उन्होंने इसे एक दिल को छू लेने वाला मजेदार रोमांच बताया है। ड्वेन इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पहले टेबल रीड के लिए लॉस एंजिल्स में इकट्ठा हुए कलाकारों की एक तस्वीर साझा की।



# 'फ्रैंकनस्टाइन' के मेकओवर में जैकब को लगे 10 घंटे

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन' नेटफ्लिक्स पर हाल ही में स्ट्रीम हुई। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पेज पर ही जैकब एलोर्डी के मेकओवर का वीडियो शेयर किया गया। इसमें वह प्रोस्थेटिक मेकअप करवा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्र्स के अनुसार लगभग 10 घंटे तक यह मेकअप चलता था। वायरल वीडियो के आखिर में भी वह फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन' के मॉन्स्टर के रूप में सामने आते हैं। मेकओवर के दौरान वह कभी किताब पढ़ते हैं, कभी फोन चलाते हैं। इसी डेडिकेशन के फैंस कायल हो गए। जैकब एलोर्डी के मेकओवर को देखते फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। जैकब और मेकओवर की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म और उनके किरदार को सराहा है, फिल्म को साल की बेस्ट मूवी कहा।



# ऋतिक ने किया अनजान नंबर से फोन...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने 'टू मच विद ट्विंकल एंड काजोल' में बताया कि बॉलीवुड के एक चर्चित अभिनेता ने उन्हें रात के दो बजे फोन किया, तो वो चौंक गई थीं। कृति सेनन ने शो में कहा, 'एकमात्र व्यक्ति जिसके पोस्टर मेरे कमरे में रहे हैं, वह ऋतिक रोशन हैं। जब फिल्म 'हीरोपंती' रिलीज हुई थी, मुझे याद है कि टाइगर श्रॉफ ने उनके लिए विशेष रूप से एक स्क्रीनिंग रखी थी, और मुझे इसके बारे में पता नहीं था। मैं सो रही थी, और रात के 2 बजे, मेरा फोन बजा, और वह एक अनजान नंबर था।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मैं ट्रूकॉलर पर गई, तो पता चला कि ऋतिक रोशन कॉल कर रहे हैं। मुझे यह समझने में थोड़ा समय लगा कि वो क्यों कॉल कर रहे हैं। फिर मैंने सुबह होने का इंतजार किया और उन्हें वापस कॉल किया।'



# पर्सनालिटी ठीक करने के चक्कर में बुरा हाल

**नई दिल्ली।** 12 नवंबर की रात गोविंदा को अचानक चक्कर आने और बेहोशी की शिकायत के बाद मुंबई के क्रिटिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी तबीयत को लेकर फैंस में चिंता बढ़ गई थी। लेकिन. अब उन्होंने खुद सामने आकर अपनी सेहत का अपडेट दिया है। गोविंदा ने बताया कि उनकी हालत अब बेहतर है और वो आराम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग प्राणायाम और योग करते हैं, वो ज्यादा हेल्दी रहते हैं। आज की भागदौड़ में शरीर को आराम देना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वो खुद अपनी पर्सनैलिटी ट्रांसफॉर्मेशन पर काम कर रहे हैं। लेकिन, यंगेस्टर्स को उन्होंने सलाह दी कि सिर्फ जिम नहीं, योग और प्राणायाम को भी अपने रूटिन में शामिल करें। गोविंदा के इस पॉजिटिव संदेश और मुस्कुराते चेहरे को देखकर उनके फैंस ने राहत की सांस ली है।

टीवी मसाला



# गौरव की हरकतों से नाराज हुए प्रतियोगी, शहबाज ने संभाली कैप्टेंसी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 आए दिन रोमांचक मोड़ लेता जा रहा है। अब प्रतियोगियों को एक नया कैप्टन मिल गया है। इसके साथ ही गौरव खन्ना ने कुछ ऐसा किया, जिससे सभी घरवाले उनके विरोध में उतर आए हैं। शहबाज बदेशा घर के नए कैप्टन होने वाले हैं। एक्स पर पोस्ट साझा की गई जानकारी में कहा गया, 'गौरव खन्ना की कप्तानी घर में केवल एक घंटे तक ही रही और अब एचएम के जरिए असेंबली वोटिंग टास्क के बाद शहबाज बदेशा घर के नए कप्तान बन गए हैं।' यानी कि अब शहबाज बिग बॉस 19 के घर की कमान संभालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा गया है कि गौरव खन्ना के सामने दो विकल्प रखे गए। पहला या तो वे नया कैप्टन बन जाएं और पूरे घर को नामांकन के खतरे में डालते हुए 30% राशन सुरक्षित कर ले, या फिर शहबाज को कैप्टन की कुर्सी पर बिठा दें, जिससे सभी प्रतियोगियों के लिए 100% राशन और पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। हालांकि गौरव ने कैप्टन बनना चुना, जिस कारण से सभी कंटेस्टेंट्स नाराज हो गए। लेकिन अब शहबाज नए कैप्टन बन गए हैं। मिड एविक्शन में मृदुल तिवारी का सफर बिग बॉस 19 से खत्म हो चुका है, अब घर में मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। हर सदस्य फिनाले में जगह बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है। इस बार का वीकएंड का वार भी काफी दिलचस्प होने वाला है।

## ऑनस्क्रीन भाई-बहन असल जिंदगी में हैं कपल

**नई दिल्ली।** स्मृति ईरानी स्टारर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में नजर आने वालीं एक्ट्रेस शगुन शर्मा ने अपना रिलेशनशिप कन्फर्म किया है। वह को-स्टार अमन गांधी को डेट कर रही हैं। मजेदार बात यह है कि ये दोनों



एक्टर्स 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में भाई-बहन बने हैं, पर असल जिंदगी में कपल हैं। शगुन शर्मा ने एक इंटरव्यू में अमन गांधी संग अपने रिलेशनशिप पर बात की। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में अमन गांधी गर्लफ्रेंड शगुन शर्मा के छोटे भाई के रोल में नजर आ रहे हैं। दोनों ने इस साल वैलेंटाइन पर जब रोमांटिक तस्वीरें शेयर की थीं, तो तभी से उनके अफेयर की चर्चाएं होने लगी थीं। अब शगुन ने एक इंटरव्यू में रिश्ता कन्फर्म कर दिया और कहा कि ये अफवाह नहीं है। वह अमन गांधी को डेट कर रही हैं और यह सच है। शगुन शर्मा ने यह भी बताया कि जब उन्हें 'क्योंकि सास भी थी' ऑफर हुआ था, तब अमन को ऋतिक विरानी के रोल के लिए पहले ही फाइनल कर लिया गया था। शगुन के मुताबिक, उन्होंने अमन से इस बारे में बात की थी कि क्या वह शो में उनके भाई का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं?

# काजोल ने शाहरुख संग साझा की रोमांटिक तस्वीरें

**मुंबई।** अब्बास-मस्तान द्वारा निर्देशित फिल्म 'बाजीगर' साल 1993 में रिलीज हुई थी। शाहरुख खान, काजोल और शिल्पा शेट्टी अभिनीत इस फिल्म को रिलीज हुए 12 नवंबर को 32 साल पूरे हो गए हैं। काजोल-शिल्पा ने फिल्म से जुड़े कुछ खास पलों को शेयर किया है। रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'बाजीगर' की अभिनेत्री काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरें साझा की हैं। पहली तस्वीर में अभिनेता



शाहरुख खान, काजोल को लाल गुलाब देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा दूसरी तस्वरी की बात करें, तो किंग खान और काजोल का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है। इसमें दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए दिख रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, 'फिल्म 'बाजीगर' के 32 साल पूरे, एक कहानी और एक शानदार जर्नी, जिसे मैं पूरे जीवन भर संभाल कर रखूंगी।' अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'बाजीगर' का वो सीन पोस्ट किया है, जिसमें शाहरुख का किरदार उन्हें छत से धक्का दे देता है। एक समारोह के दौरान अभिनेत्री ने बताया था, 'अकबर भाई इस फिल्म के एक्शन डायरेक्टर थे, और हमने उस दृश्य को लगभग पांच बार शूट किया था।' आपको बताते चलें कि इसी फिल्म से एक्ट्रेस ने सिनेमाई कॅरियर में कदम रखा था। फिल्म 'बाजीगर' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।

# शब्बो के रोल से पूरा हुआ दिव्या का बरसों का सपना

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और प्रीति जिंटी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'वीर जारा' की रिलीज को बुधवार को पूरे 21 साल हो चुके हैं। फिल्म में दिव्या दत्ता ने शब्बो नाम का किरदार निभाया था। इस फिल्म से दिव्या का बरसों का अधूरा सपना पूरा हुआ था। दिव्या दत्ता ने 'वीर जारा' के 21 साल पूरे होने पर इंस्टाग्राम पर फिल्म की कई तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'क्या शानदार साल। इस फिल्म ने मुझे बहुत प्यार और प्रसिद्धि दी। मैं यश चोपड़ा की फिल्में देखकर बड़ी हुई और उनका निर्देशन मेरा सबसे बड़ा सपना था। आदित्य चोपड़ा और वाईआरएफ को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे शब्बो जैसा यादगार किरदार दिया। मुझे नहीं पता था कि शब्बो को इतना प्यार मिलेगा, लेकिन उनका विजन बड़ा था। इस फिल्म की यादें खास हैं। यह फिल्म हर जगह मेरे साथ चलती है।' आगे



दिव्या ने लिखा, '21 साल तक इस प्यार को पाकर और आगे भी, मैं शुक्रगुजार हूं। सेट पर मिले शानदार लोगों - शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, हेमा मालिनी, मनोज बाजपेयी, बोमेन ईरानी, अमिताभ बच्चन सर और यश चोपड़ा का बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा सपना पूरा हुआ। इस क्लासिक फिल्म से जुड़े सभी को 21 साल की बधाई।' 'वीर जारा' 12 नवंबर 2004 को रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है। फिल्म का लेखन और निर्माण उनके बेटे आदित्य चोपड़ा ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, दिव्या दत्ता, मनोज बाजपेयी, बोमन ईरानी, अनुपम खेर और किरण खेर ने सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। भारतीय पायलट वीर को जारा से प्यार हो जाता है। वीर प्रताप सिंह (शाहरुख खान), जो एक भारतीय वायु सेना अधिकारी हैं। पाकिस्तानी लड़की, जारा (प्रीति जिंटा) हयात खान एक पाकिस्तानी राजनेता की बेटी हैं।

## किसी ने 25 की उम्र में तो किसी ने 87 में दुनिया को कहा अलविदा

# दो महीने के भीतर कई फिल्मी दिग्गजों का हुआ निधन

*नई दिल्ली। साल 2025 ने हमसे कई ऐसे सितारों को छीन लिया, जिन्होंने इंडस्ट्री और फैन्स के लिए कभी न भूलने वाली विरासत छोड़ी हैं। केवल दो महीने के भीतर हमने बॉलीवुड के करीब 12 दिग्गजों को हमेशा के लिए खो दिया है। हाल के दिनों में कई फिल्मी सितारों का निधन हो गया। पिछले दिनों जहां संजय खान की पत्नी जरीन खान ने इस दुनिया को अलविदा कहा, वहीं ठीक एक दिन पहले ही एक दिग्गज एक्ट्रेस का निधन हो गया। पंकज धीर से लेकर असरानी जेसै कलाकारों ने भी रुखसत ले ली। इन दो महीनों में हमने जिन-जिन सितारों को खोया है, आइए उन पर एक नजर डालते हैं।*

**जरीन खान :** फिल्म एक्टर और प्रड्यूसर संजय खान की पत्नी जरीन खान का हाल ही में 7 नवंबर 2025 को निधन हो गया। 81 साल की जरीन का निधन कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुआ था। साल 1960 के दशक में जरीन एक फेमस मॉडल बन चुकी थीं। इसके बाद 'तेरे घर के सामने', 'एक फूल दो माली' जैसी फिल्मों से लोगों के दिलों में जगह बनाई। शादी के बाद फिल्मों से दूर होकर उन्होंने इंटीरियर डिजाइनिंग और होम डेकोर पर ध्यान दिया।

**सुलक्षणा पंडित :** जरीन खान के निधन से ठीक एक दिन पहले जानी-मानी सिंगर-एक्ट्रेस सुलक्षणा पंडित का निधन हुआ। 6 नवंबर को मुंबई के ननावटी हॉस्पिटल में लंबी बीमारी से लड़ते हुए वो जिंदगी की जंग हार गईं। उन्होंने एक बाल कलाकार के तौर पर सिंगिंग में करियर शुरू किया था और अपने परिवार के नक्शे कदम पर आगे बढ़ते हुए प्लेबैक सिंगिंग में भी खूब नाम कमाया। उन्होंने एक इंटीरियर डिज़ाइनर के रूप में अपनी पहचान बनाई और अपने परिष्कृत सौंदर्यबोध से कई मशहूर हस्तियों के घरों का कायाकल्प किया।

**सतीश शाह :** फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा थे। सतीश शाह 74 साल के थे। एक्टर ने 25 अक्टूबर को उन्होंने अंतिम सांस ली। बताया गया कि वह लंबे समय से किडनी से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे। निधन से कुछ समय पहले ही उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। उन्होंने जाने भी दो यारो, मैं हूं ना, कल हो ना हो, कभी हां कभी ना, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और ओम शांति ओम जैसी हिट फिल्मों में भी काम किया।

**गोवर्धन असरानी :** बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर असरानी का 20 अक्टूबर 2025 को 84 साल की उम्र में निधन हो गया। अपने



कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर बॉलीवुड के ये एक्टर निधन से पहले पिछले करीब पांच दिनों से अस्पताल में थे। 20 अक्टूबर की शाम को जुहू के आरोग्य निधि अस्पताल में उनका निधन हुआ। उन्होंने मेरे अपने, कोशिश, बावर्ची, परिचय, अभिमान, चुपके-चुपके, छोटी सी बात और रफू चक्कर जैसी यादगार फिल्मों में शानदार परफॉर्म किया।

**ज़ुबीन गर्ग :** असम के मशहूर सिंगर और हर दिल में बसने वाले जुबिन गर्ग का 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में उनका निधन हो गया। जुबिन सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग करने गए थे और इसी दौरान एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। बॉलीवुड से लेकर असमिया और बंगाली तक, कई गानों को अपनी आवाज देने वाले भारतीय बैकग्राउंड सिंगर ज़ुबीन गर्ग के निधन के बाद भारी संख्या में फैन्स उन्हें आखिरी विदाई देने पहुंचे थे।

**पीयूष पांडे :** भारतीय विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे 24 अक्टूबर, 2025 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पीयूष 70 साल के थे। पीयूष सांस लेने में दिक्कतों से जूझ रहे थे। मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में निधन से एक महीने से उनका इलाज चल रहा था।

**पंकज धीर :** लोकप्रिय टेलिविजन और बॉलीवुड एक्टर पंकज धीर ने 15 अक्टूबर, 2025 को अंतिम सांस ली। वो लंबे समय से कैंसर से लड़ रहे थे। लंबी लड़ाई के बाद 68 साल की उम्र में निधन हुआ था। उन्हें 'महाभारत' के कर्ण के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

**वरिंदर सिंह घुम्मन :** टाइगर 3' फेम एक्टर और मशहूर बॉडीबिल्डर वरिंदर सिंह घुम्मन का हाल ही में दिल का दौरा पड़ने से 53 साल की उम्र में निधन हो गया। वरिंदर सिंह घुम्मन बॉलीवुड एक्टर के साथ-साथ बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में भी उनका नाम है। 9 अक्टूबर, 2025 को उनका निधन हो गया। बताया गया था कि वरिंदर को सीने की मांसपेशियों में चोट लगी थी, इसलिए वे इलाज के लिए अमृतसर गए थे जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।'

**ऋषभ टंडन :** फेमस सिंगर, राइटर और म्यूजिशियन ऋषभ टंडन का 22 अक्टूबर, 2025 को निधन हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। ऋषभ टंडन का 35 साल की उम्र में दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

**क्लासिकल डांसर मधुमती :** दिग्गज एक्ट्रेस और क्लासिकल डांसर मधुमती का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मधुमती अपनी बेहतरीन डांस स्किल्स और एक्टिंग के लिए जानी जाती थीं। उस दौर में उनकी तुलना हेलेन से की जाती थी। उन्होंने कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें आंखें, टॉवर हाउस, शिकारी, मुझे जीने दो जैसी फिल्में शामिल हैं।

**संध्या शांताराम :** बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस संध्या शांताराम का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शिवाजी पार्क स्थित वैकुंठ धाम में किया गया। हालांकि उनके निधन के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन खबर है कि वे उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रही थी।

**सचिन चांदवाड़े :** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की पॉप्युलर वेब सीरीज 'जामताड़ा 2' से फैंस के दिलों को जीतने वाले कलाकार सचिन चांदवाड़े का केवल 25 साल की उम्र में निधन हो गया। खबर आई कि सचिन ने सुसाइड की है, जिसके चलते फंदे पर लटका हुआ एक्टर का शव मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, सचिन का घर महाराष्ट्र के जलगांव पारोला में था और वहीं एक्टर ने अपने फ्लैट में पंखे में फांसी का फंदा लगा लिया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर और सीईओ ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई किताबें



**सक्ती।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने सक्ती नगर स्थित पुस्तकालय (लाइब्रेरी) का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी आवश्यकताओं को समझा और उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, सीजीपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि के लिए उपयोगी संदर्भ पुस्तकों व करंट अफेयर्स की किताबें उपलब्ध कराई। इस दौरान कलेक्टर श्री तोपनो ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगन और निरंतरता सबसे बड़ी पूंजी है। प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि जिले के विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री के साथ बेहतर माहौल में पढ़ाई कर सकें। इस दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों द्वारा कलेक्टर और सीईओ को पुस्तकालय में कुछ अन्य आधारभूत आवश्यकताओं की सुझाव रखी गई। कलेक्टर एवं सीईओ ने इन सुझावों को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया और शीघ्र आवश्यक सुधार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### ज्ञानोदय स्कूल में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम आज

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में शुक्रवार 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्री प्राइमरी कक्षा -नर्सरी से दूसरी तक फैंसी ड्रेस , प्राइमरी कक्षा तीसरी से पांचवीं तक वन भोज कार्यक्रम, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा -छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों हेतु खेलकूद एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी संस्था के प्राचार्य डॉ.सुरेश यादव ने दी।

### चांपा की निशा महंत बनीं 'दीवा ऑफ छत्तीसगढ़ सीजन 6' की विनर

**चांपा।** राजधानी रायपुर में आयोजित दीवा ऑफ छत्तीसगढ़ सीजन - 6 में चांपा नगर की श्रीमती निशा महंत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता एस.एस. फाउंडेशन द्वारा वीआईपी रोड स्थित बेबी लॉन होटल रायपुर में भव्य रूप से आयोजित की गई। कार्यक्रम में बिलासपुर, रायपुर, जांजगीर-चांपा और भिलाई सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से 20 से 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन की प्रमुख शिखा साहू थीं। वहीं बॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहीं और प्रतिभागियों के साथ रैंप वॉक कर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया। तीन चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्लैमिंग सेशन, प्रश्नोत्तर राउंड और टैलेंट राउंड शामिल थे। अंतिम चरण में चयनित प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेता श्रीमती निशा महंत ने कहा कि दीवा ऑफ छत्तीसगढ़ जैसे मंच पर हिस्सा लेना उनके लिए बेहद प्रेरणादायी अनुभव रहा। उन्होंने कहा "मैं एक गृहणी हूँ, हमारे परिवार में चार सदस्य हैं। परिवार की जिम्मेदारियों, अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की पढ़ाई और फैशन के प्रति अपने जुनून के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने अपने सपने को कभी छोड़ा नहीं। अगर आपके पास कोई सपना है तो उसे पूरा करने के लिए जी-जान लगा दें। अपना टैलेंट दुनिया के सामने लाना चाहिए। निशा महंत ने आगे कहा कि वह आगे मॉडलिंग और फैशन के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखती हैं और आने वाले समय में इस दिशा में नए मुकाम हासिल करने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगी।



## राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और कार्यालयीन स्टाफ की बैठक लेकर दिए निर्देश

# अनसुलझे लंबित प्रकरणों का एसपी ने जल्द से जल्द निराकरण करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और कार्यालयीन स्टाफ की प्रथम विस्तृत समीक्षा बैठक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ली। समीक्षा बैठक में सभी पुराने अनसुलझे लंबित प्रकरण जिनमे हत्या, लूट, हत्या का प्रयास , अपहरण , चोरी , फ़रार अपराधियों की गिरफ़्तारी , लंबित चालानों, मर्ग के प्रकरण शिकायतों का निकाल लघु अधिनियमों जैसे जुआ सट्टा गांजा अवैध नशीली दवाओं की बिक्री , प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों की समीक्षा की गई और कड़ाई के निर्देश दिए गए।

सभी थानों को यह आदेशों किया गया है कि प्रत्येक बैंकिंग संस्थाओं और महत्वपूर्ण निकायों यथा सर्राफा दुकान में निरंतर दैनिक आधार पर सुरक्षा जांच की जाए। इसके अलावा सभी पर्यटन स्थलों में विशेष दिनों में पुलिस गश्त करायी जाये। किरायेदारों की जानकारी बाहरी व्यक्तियों के आवागमन पर नियमित निगाहबीनी, सजायफ्ता और जाहिर बदमाशों पर निगाह रखने, वीआईपी दौरों में सजगता और रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के साथ बेसिक पुलिसिंग में कसावट लाने के विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। पुलिस से जनता के बीच सौहार्द संबंध के लिए सभी पुलिस के लिए सहयोगी नागरिकों के साथ अच्छे संबंध रखने जनप्रतिनिधियों और सभी



पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते एसपी प्रफुल ठाकुर।

संगठनों विभागीय अधिकारियों से तालमेल रखने घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया करने के निर्देश देते हुए कठोर शब्दों में सभी प्रकार के अवैध गतिविधियों में अनिवार्य कठोर कार्यवाही का खुला संदेश दिया गया। थानों के कामकाज में कसावट लाने के लिए थानों में रिकार्ड दुरुस्त करने, जप्ती माल का निकाल करने, बीट सिस्टम को प्रभावी बनाने, सरकारी संपत्तियों के चिह्नांकन और उनकी सुरक्षा, सरकारी गाड़ियों में सुरक्षात्मक उपाय करने सभी गहनों में फोन नम्बर की उपलब्धता उनका जनता में प्रचार प्रसार साप्ताहिक बाजारों में चलित थानों की व्यवस्था मीडिया मानिटरिंग की व्यवस्था करने कोटवारों सरपंचों से जीवंत सम्पर्क रखने थाना प्रभारियों के साथ राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्वतः स्फूर्त और सजगता से कार्यवाही करने आम जनता की शिकायत अनिवार्यता सुनने की निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक फ़रार अपराधी के पकड़ने वाले कर्मचारियों को अनिवार्य नगद इनाम की घोषणा की गई है और जिन्होंने पिछले दिनों फरार स्थायी वारंटियों को पकड़ा है उनको भी इनाम दिया गया। उल्लेखनीय है कि अपने आने के तीन दिनों में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने जिले के सभी थानों एवं चौकियों का औचक भ्रमण करके सभी ग्राउंड वर्कर फील्ड अधिकारियों से सीधा संपर्क स्थापित किया। साथ ही उन्होंने उनके कार्ययोजना से सीधे उनको अवगत कराया है। पुलिस अधीक्षक श्री ठाकुर ने सभी से सीधा संवाद स्थापित किया है, जो उनकी विशिष्ट शैली को दर्शाता है। पुलिस अधिक्षक के रूप में यह उनका पांचवा जिला है और अपने पिछले अनुभवों और सफल प्रयोगों को यहां भी दोहराते हुए कुछ नए अभियान उन्होंने आते ही शुरू किये हैं, जिनमें पहला है अधिकारियों कर्मचारियों के जन्मदिन पर उनको फूल, गुलदस्ता मीठा, केक प्रदान करना। साथ में उस दिन का स्वैक्षिक अवकाश प्रदान करना शामिल है, जिसके तहत स्थापना के रिकार्ड से निकाल कर अडभार चौकी के आरक्षक मुकेश खूंटे को जन्मदिन की बधाई दी गई साथ में केक और मीठा खिला कर दिन भर का अवकाश प्रदान करते हुए इस अभियान का आरंभ किया गया। उन्होंने दिल्ली बम विस्फोट के मद्देनजर होटल, लाज, ढाबा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुसाफिरों बाहरी व्यक्तियों किरायेदारों की सतत जांच के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डीएसपी मुख्यालय एसडीपीओपी डभरा, आर आई लाइन के अतिरिक्त सभी थानों और चौकियों के प्रभारी और मुख्यालय के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

## दूसरे गुरुवार पर हुई मां लक्ष्मी की आराधना

### पारंपरिक पकवानों का लगा भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अगहन के दूसरे गुरुवार पर 13 नवंबर को मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा की तैयारी महिलाओं द्वारा बुधवार शाम से ही कर ली गई थी। उन्होंने इसके लिये गीले चावल की पिसाई कर रेहान तैयार किया गया। साथ ही घर के मुख्य द्वार पर रंगोली भी बनाई गई।


हिन्दू धर्म में मान्यता है कि अगहन महीने के गुरुवार को सुबह-सवेरे मां लक्ष्मी सभी के घरों का निरीक्षण करती है और साफ-सफाई देखकर घर में प्रवेश करती है। घरों में लक्ष्मी जी की स्वागत की तैयारी बुधवार शाम से ही महिलाओं ने पोछा लगाकर व गोबर से लिाकर पूरे घर को पवित्र कर लिया था। चावल के घोल से घर मुख्य द्वार से चौक पुर कर सभी कमरों और पूजा कमरे व भण्डार कक्ष तक संकल वाली चौक बनाई गयी थी। घर के प्रत्येक चौखट पर लक्ष्मी जी के गांव का प्रतीक पद चिन्ह उसी रेहान से उकेरा गया। उन पद चिन्हों की दिशा घर प्रवेश की तरफ थी। सूर्योदय से पूर्व ब्रम्ह मूहूर्त में ही उठकर महिलाओं ने आंवले व हल्दी का उबटन लगाकर जल से स्नान किया। ततश्चात पूरे घर के चौक की पूजा करके लक्ष्मी जी का



विधि-विधान से हुई पूजा।

विधि-विधान से पूजा की गई। द्वार को दीप और फूलों से सजाया गया। आरती पश्चात लक्ष्मी पुराण का गठन भी श्रद्धालुओं ने किया। ततश्चात गुरुवार 13 नवंबर को लक्ष्मी माता को पुरनपुरी का भोग लगाया गया। तीसरे गुरूवार को तिल गुजिया तथा चौथे गुरूवार को खीर पुड़ी व माड़ा पीठा का प्रसाद लगाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में विशेष रुप से मां लक्ष्मी माता की पूजन अगहन गुरुवार मनाया जाता है। गुरुवार 6 नवम्बर से प्रारंभ अगहन गुरुवार अगले माह गुरुवार 4 दिसम्बर तक चलेगा। मां जगतजननी लक्ष्मी माता की पूजन से घर में लक्ष्मी का वास होता है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हरे तो सहायिका नीला साड़ी पहनकर पहुंचेगी केंद्र



**मालखरौदा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के 208 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 180 सहायिकाओं को दो दो नग साड़ी प्रदान किया गया है। अब क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं सहायिका आंगनबाड़ी केन्द्रो में इन्हीं साड़ी को पहनकर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचेंगी। इसके लिए क्षेत्र के आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को परियोजना कार्यालय बुलाकर साड़ी वितरित किया गया। बता दे ब्लॉक में 8 सेक्टर है जबकि वर्तमान में 215 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्यरत है। इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मालखरौदा मलय धुरंधर का कहना है कि सभी कार्यकर्ता सहायिका को राज्य शासन की योजना अनुसार साड़ी प्रदान किया गया है। अब से नया ड्रेस में कार्यकर्ता व सहायिका केन्द्र आंएगी।

## 180 युवाओं ने किया रक्तदान, 300 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के जय मां चंडी मंदिर प्रांगण के सामने में आशीर्वाद ब्लड सेंटर भांठापारा रायपुर के तत्वाधान में

- बिर्रा में नि :शुल्क रक्त जांच, नेत्र जांच व मोतियाबिंद निदान शिविर का आयोजन

स्वैच्छिक रक्तदान, निशुल्क रक्त जांच एवं नेत्र जांच और मोतियाबिंद निदान शिविर का आयोजन गुरुवार 13 नवंबर को सुबह 9 बजे से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में मनोज कुमार तिवारी संचालक शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा एवं कुश पटेल समाज सेवक बिर्रा उपस्थित हुए। इस रक्तदान शिविर में बिर्रा के युवा सुनील थवाईत के द्वारा चौथी बार लगातार एवं मोहन साहू ने दूसरा बार और कार्तिक पटेल ने तीसरी बार रक्तदान कर इंसानियत का परिचय दिया। रक्तदान शिविर में 180 युवाओं ने रक्तदान कर दूसरे को नया जीवन देने प्रयास किया। रक्तदान शिविर में उपस्थित युवाओं ने दूसरे को भी ब्लड डोनेट करने प्रोत्साहित करने की बात कही। लगभग 300 मरीजों का खून एवं आंख जांच किया गया है । सभी रक्तदाताओं को हेलमेड और स्मार्ट घड़ी प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर सुनील थवाईत ,मोहन साहू, कार्तिक पटेल ,रितेश रमन सिंह, भूपेंद्र श्रीवास, छोटेलाल केवट,राजू साहू, लाला कश्यप ,लखन देवांगन, कृष्णा कश्यप, राजू थवाईत,योगेश थवाईत, सुभाष यादव,कुलदीप कश्यप, विनय कश्यप, विजय देवांगन, लोकेश कश्यप ,कृष्णा साहू, अर्जुन श्रीवास के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट एवं स्मार्ट घड़ी देते अतिथि गण।

### धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त समिति प्रबंधक सह प्रभारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में गुरुवार को जिले के सभी जनपद पंचायतो के सभाकक्ष में धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त समिति प्रबंधक सह धान खरीदी प्रभारियों को धान खरीदी कार्य के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मार्कफेड व सहकारिता अधिकारियों की उपस्थिति में आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में धान खरीदी कार्य से सम्बन्धित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा धान खरीदी केंद्रों में आने वाले किसानों से सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्रशिक्षण में सतर्क एप के बारे में भी आवश्यक जानकारी दी गई। बैठक में विभिन्न सहकारी समितियों के लिए नियुक्त समिति प्रबंधक सह धान खरीदी प्रभारी उपस्थित थे।



## ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय को रासेयो में सर्वश्रेष्ठ संस्था के रूप में किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल (अकलतरा) को शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना में सर्वश्रेष्ठ संस्था स्तर पर पुरस्कृत किया गया। साथ ही कु.अंकिता रात्रे बीसीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा को स्वयं सेवक स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने महाविद्यालय के गोद ग्राम झूलन पकरिया एवं आस-पड़ोस के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली और शासन संबंधी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वयंसेवकों ने ग्रामीण जनों के साथ मिलकर शासन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए काम किया है और उन्हें शासन की योजनाओं से अवगत कराया है। महाविद्यालय ने झूलन पकरिया, झलमला, तागा, करारी, नरियारा में सात दिवसी विशेष शिविर लगाकर स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सकारात्मक परिवर्तन किया है। जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी है और वे शासन की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। महाविद्यालय द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप स्वास्थ्य शिविर कैंप, वृक्षारोपण जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रतिवर्ष बृहद रूप से कराया जा रहा है। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने लगातार पांच वर्षों से राज्य स्तरीय शिविर और साहसिक शिविर एकता शिविर में कविता पांडे, कृष्णकांत अहीर, रोहिणी केवट ने चयनित होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के छात्र उमेश कुमार का चयन राष्ट्रीय स्तरीय कैंप मनाली हरियाणा के लिए हुआ है जो की 28 नवंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होगा। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. श्रीमती रवींद्र चौबे , प्रो बी.के. पटेल जिला संगठक जांजगीर चांपा, भोजराम पटेल कार्यक्रम समन्वयक जिला रायगढ़ , महाविद्यालय के संचालक डॉ.जे.के.जैन एवं प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह ने महाविद्यालय को शुभकामनाएं संदेश प्रेषित किया है।



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करता कॉलेज स्टाफ।

## प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुए जिले के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रगतिशील किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन व इंदिरा गांधी क़ृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सयुंक्त तत्वाधान में कृषक सभागार में आयोजित प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में क़ृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत, चंद्रशेखर खरे, क़ृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी नीलम आजाद और जिले के महंत गांव के प्रगतिशील किसान दुष्यंत सिंह समेत संदीप तिवारी मेहंदा और बहेराडीह के कृषक दीनदयाल यादव शामिल हुये। संगोष्ठी का उद्घाटन प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका, क़ृषि मंत्री रामविचार नेताम और छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के चेयरमेन चन्द्रहास चंद्राकर, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष, क़ृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती सहला निगर,छत्तीसगढ़ शासन क़ृषि के संचालक राहुल देव, इंदिरा गाँधी क़ृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल, उड़ीसा राज्य के पद्मश्री साबरमति दीदी और प्रदेश के क़ृषि वैज्ञानिक, क़ृषि अधिकारी एवं क़ृषि सखी बड़ी संख्या में शामिल थे।




वैज्ञानिक के साथ उपस्थित किसान।

## विधि समाज को न्याय से जोड़ने का सशक्त माध्यम : कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सेक्रेटरी मनोज कुमार कुशवाहा एवं

- डी.पी.एस. में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस' का आयोजन

विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी जायसवाल, विधिक सलाहकार, जयराम गढ़वाल, पैरालीगल वॉलिंटियर एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मनोज कुमार कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों, विधिक सहायता सेवाओं एवं न्याय तक सभी की समान पहुंच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विधि केवल कानून की पुस्तक तक सीमित नहीं, यह समाज को न्याय और समरसता से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, और यातायात नियमों का पालन करना, न केवल कानून है, बल्कि जीवन रक्षा का कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और न्याय ही सर्वोच्च विधि है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह ने गत वर्ष विद्यालय के लीगल लिटरेसी अभियान से संबंधित प्रेरक वीडियो को चित्रपट शैली में प्रस्तुत करते हुए कहा कि "विधिक जागरूकता तभी सार्थक है, जब यह व्यवहार में उतरे और प्रत्येक विद्यार्थी एक जिम्मेदार नागरिक बने। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक समाज का पथ-प्रदर्शक होता है। बच्चों को दंड से नहीं, अपने ज्ञान से अनुशासित करें, यही सच्ची शिक्षण विधि की पहचान है।

तत्पश्चात लक्ष्मी जायसवाल ने शिक्षकों को नैतिक जिम्मेदारी, बच्चों के प्रति संवेदनशीलता एवं न्याय प्रक्रिया से अवगत कराया। स्वागत भाषण छात्र आयुष कोरी ने एवं अफ्सा अंजुम ने विधिक साक्षरता एवं नागरिक कर्तव्यों पर प्रेरक वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्राची मिश्रा, काव्या सोनी तथा दृष्टि गोयल ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया। अंत में मुख्य अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।



विधि की जानकारी लेते स्कूल के छात्र-छात्राएं।

